भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1296
(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा के अंतर्गत बजटीय आबंटन

1296. श्री सुधाकर सिंह:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2021-22 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के बजट आवंटन को 98,000 करोड़ रुपये से घटाकर 86,000 करोड़ रुपये कर दिया है;

(ख) यदि हां , तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या बजटीय आवंटन में उक्त कटौती से बिहार पर प्रभाव पड़ेगा जिसने राज्य से पलायन को रोकने में प्रभावी भूमिका निभाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का विचार इस संबंध में विशेषकर बिहार के लिए बजटीय आवंटन में वृद्धि करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) और (ख): जी, नहीं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए बजट अनुमान (बीई) 73,000 करोड़ रुपये था, जिसे संशोधित अनुमान (आरई) चरण में बढ़ाकर 98,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, महात्मा गांधी नरेगा के लिए बजट अनुमान स्तर पर 86,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है जो बजट अनुमान स्तर पर किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए योजना के तहत अब तक का सबसे अधिक आवंटन है।

यह मंत्रालय जमीनी स्तर पर कार्य की मांग को पूरा करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर वित्त मंत्रालय से इस योजना के लिए अतिरिक्त निधियों की मांग करता है।

(ग) और (घ): जी, नहीं। महात्मा गांधी नरेगा एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है और इस योजना के अंतर्गत निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आबंटन नहीं किया जाता है। सरकार जमीनी स्तर पर कार्य की मांग के अनुसार बिहार सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अपेक्षित निधियां प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पिछले तीन वित्तीय वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2021-22 से 2024-25 (दिनांक 24.07.2024 की स्थिति के अनुसार) महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत बिहार राज्य को जारी की गई निधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

वित्तीय वर्ष	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
बिहार राज्य के लिए जारी केंद्रीय निधि (करोड़ रुपये में)	5,407.36	6,395.28	6,200.03	3,988.86